लोकसभा अध्यक्ष बिरला ने आचार्य श्री के दर्शन किए



नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला एवं राजस्थान सरकार के ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने गुरुवार को आचार्य श्री समय सागर महाराज को श्री फल भेंट कर आशीर्वाद लिया। इसके पहले उन्होंने विधोदय तीर्थ में जिनालय के दर्शन किए।

चातुर्मास समिति के प्रवक्ता सुनील जैनाविन ने बताया इस दौरान लोकसभा अध्यक्ष ने आचार्य श्री विद्या सागर महाराज के प्रकल्पों गो सेवा, जीव दया, हथकरघा प्रतिभा स्थली को भारत की संस्कृति और संस्कारों की सबसे बड़ी संपदा बताया। इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश महामंत्री राहुल कोठारी, पंचायत कमेटी अध्यक्ष पंकज सुपारी, निर्वाण संयोजक राकेश ओएसडी, चातुर्मास संयोजक देवेंद्र रुचि, हुकुमचंद जैन, दयोदय महासंघ मंत्री राकेश जैन, अशोक सिंघई, विनोद चौधरी आदि मौजूद थे।

राजधानी में अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई

नप्र, भोपालः नगर निगम द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी है। गुरुवार को निगम के अतिक्रमण निरोधक दस्ते ने अवैध कब्जे हटाते हुए आठ ठेले जब्त किए। निगम आयुक्त रामप्रकाश अहिरवार के निर्देश पर छह नंबर स्टॉप से नूतन कॉलेज तक खंभों पर लगे करीब 50 कटआउट हटाए गए। पांच नंबर मस्जिद के पास फुटपाथ पर रखा फर्नीचर, जहांगीराबाद मुर्गी बाजार में दुकानों के आगे लगी जालियां और बरखेड़ी में नाली पर रखी फर्शियां हटाई। इसके अलावा कस्तूरबा नगर की जनता कॉलोनी से अस्थायी छप्पर, भानपुर से अवैध शेड हटाए गए।



पुराने शहर के सोमवारा में बंगाली हिंदू उत्सव समिति के तत्वावधान में आयोजित मां काली पूजन के समापन अवसर पर गुरुवार को समाज की महिलाओं ने सिंदूर खेला। इसमें सुहागिन महिलाओं ने एक-दूसरे को सिंदूर लगाकर अखंड सौभाग्य की कामना की।

मेट्रो निर्माण कंपनी पर 12,500 रुपये का जुर्माना, डंपरों से सड़कों पर फैलाई मिट्टी

नप्र, भोपालः राजधानी में मेट्रो निर्माण कार्य में लगे डंपरों से सड़कों पर मिट्टी और कीचड़ फैलने के मामले में नगर निगम ने ठेका कंपनी पर 12 हजार 500 रुपये का जुर्माना लगाया है। डंपरों की आवाजाही के दौरान भारत टॉकीज ओवरब्रिज और 80 फीट रोड पर मिट्टी फैल गई थी। इससे राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था।

नगर निगम के जोन-9 के सहायक स्वास्थ्य अधिकारी बलवीर मलिक ने बताया कि गुरुवार सुबह करीब 10 बजे निगम की टीम ने डंपरों को रुकवाकर कार्रवाई की। भारत टॉकीज ओवरब्रिज पर गंदगी फैलाने के मामले में मोहन कंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड पर 12 हजार 500 रुपये का जुर्माना लगाया गया है। सड़क पर कीचड़ फैलने की शिकायत सफाई कर्मचारियों और स्थानीय रहवासियों ने की थी। जानकारी के अनुसार, भोपाल में मेट्रो की ब्लू और ऑरेंज लाइन का निर्माण कार्य चल रहा है। ऑरेंज लाइन सुभाषनगर से करोंद चौराहे तक और ब्लू लाइन भदभदा से रत्नागिरी तिराहे तक प्रस्तावित है। निर्माण कार्य के दौरान मिट्टी से भरे डंपरों की आवाजाही मुख्य रूप से रात में होती है। इसी दौरान डंपरों से मिट्टी सड़कों पर गिरकर कीचड़ में बदल जाती है।

दिसंबर में हो सकती है एनटीईटी-2026 की दूसरी परीक्षा

नप्र, भोपालः आयुर्वेद में स्नातकोत्तर (पीजी) पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों के लिए राहत की खबर है। भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग (एनसीआईएसएम) दिसंबर में एनटीईटी-2026 की दूसरी परीक्षा आयोजित कर सकता है। आयोग ने इस संबंध में सार्वजनिक सूचना जारी की है।

हालांकि, परीक्षा की निश्चित तारीख, समय-सारणी और आवेदन प्रक्रिया की जानकारी अभी नहीं दी गई है। इसे लेकर अलग से अधिसूचना जारी की जाएगी। आयोग ने विद्यार्थियों की लगातार मांग और इस संबंध में प्राप्त अभ्यावेदनों को ध्यान में रखते हुए दिसंबर में दूसरी परीक्षा कराने की संभावित योजना बनाई है।

छठ पूजा की तैयारियों का विधायक भगवानदास सबनानी ने लिया जायजा



नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा को लेकर शहर में तैयारियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में दक्षिण-पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक भगवानदास सबनानी ने गुरुवार को शहर के विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान महापौर मालती राय और भाजपा जिला अध्यक्ष रविंद्र यती भी मौजूद रहे।

जनप्रतिनिधियों ने शीतलदास की बगिया, प्रेमपुरा, पुलिस लाइन नेहरू नगर और पांच नंबर स्टॉप स्थित छठ घाटों का दौरा किया। उन्होंने घाटों पर साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, सुरक्षा और श्रद्धालुओं की सुविधाओं के लिए किए जा रहे इंतजामों का निरीक्षण किया।

विधायक सबनानी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि छठ पूजा के दौरान इन प्रमुख घाटों पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचेंगे। ऐसे में उनकी सुविधा और सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय से पहले पूरी करने और घाटों पर किसी प्रकार की अव्यवस्था नहीं होने देने के निर्देश भी दिए।

भोपाल चेंबर का दीपावली मिलन समारोह कल, मुख्यमंत्री होंगे शामिल

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः भोपाल चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज का भव्य दीपावली मिलन समारोह 14 नवंबर को शाम 7 बजे हरनूर पैलेस (व्हाइट हाउस), श्यामला हिल्स में आयोजित होगा।

समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। इसके अलावा सांसद, विधायक, महापौर सहित अनेक जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों को आमंत्रित किया गया है।

चेंबर के इस आयोजन में लाइव म्यूजिक कॉन्सर्ट, भव्य आतिशबाजी और क्रैकर्स शो प्रमुख आकर्षण होंगे। सक्रिय सदस्यों के लिए विशेष रॉयल रिटर्न गिफ्ट हैंपर की व्यवस्था की गई है। साथ ही आकर्षक लकी ड्रॉ के माध्यम से विशेष उपहार जीतने का अवसर भी मिलेगा।

चेंबर अध्यक्ष गोविंद गोयल के नेतृत्व में आयोजन की तैयारियां की जा रही हैं। कार्यक्रम संयोजक कमल पंजवानी ने बताया कि समारोह में केवल सक्रिय सदस्यों को आमंत्रित किया गया है। इसका उद्देश्य सदस्यों के बीच आपसी सौहार्द, पारिवारिक भावना और संगठनात्मक एकता को मजबूत करना है। उन्होंने सभी सक्रिय सदस्यों से उत्साहपूर्वक सहभागिता करने का आग्रह किया है।

आवासीय-वाणिज्यिक कॉम्प्लेक्स भी होगा विकसित

विद्यानगर फेस-2 में बनेगा बस टर्मिनल

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः भोपाल विकास प्राधिकरण (बीडीए) की बोर्ड बैठक गुरुवार को कमिश्नर कर्मवीर शर्मा की मौजूदगी में हुई।

बैठक में शहर की विभिन्न आवासीय योजनाओं, व्यावसायिक परिसंपत्तियों के पुनर्विकास और अधोसंरचना से जुड़े प्रस्तावों पर चर्चा कर निर्णय लिए गए। कमिश्नर ने अधिकारियों को परियोजनाओं में तेजी लाने और विभागों के बीच बेहतर समन्वय बनाने के निर्देश दिए। बैठक में विद्यानगर फेस-2 में आवासीय एवं व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स के साथ बस टर्मिनल बनाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। इसके अलावा एयरोसिटी चरण-1 योजना के पांच रिक्त भूखंडों और एक पीएसपी भूखंड के मूल्यांकन एवं विक्रय का प्रस्ताव रखा गया। सरदार वल्लभभाई पटेल मिसरोद चरण-2 योजना के 73 रिक्त भूखंडों के मूल्यांकन और बिक्री को भी स्वीकृति दी गई।

मिसरोद चरण-1 की नगर विकास योजना के सेक्टर-सी में भूखंड क्रमांक 67, 68, 69 और 70 के एकीकरण तथा विद्यानगर फेस-3 के स्वीकृत मानचित्रों में संशोधन पर भी चर्चा हुई।

सिंधी नर्सरी राइम्स प्रतियोगिता में सात छात्राओं ने जीते पुरस्कार



नईदुनिया प्रतिनिधि, हिनप्रः नवनिध हासोमल लखानी पब्लिक स्कूल की सात छात्राओं ने सिंधी संगत, दुबई द्वारा आयोजित 10वीं अंतरराष्ट्रीय सिंधी नर्सरी राइम्स प्रतियोगिता-2026 में पुरस्कार हासिल किए हैं। कक्षा पहली, दूसरी और तीसरी की छात्राओं ने शुद्ध सिंधी उच्चारण, मधुर स्वर और प्रभावशाली अभिव्यक्ति से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

15 जुलाई से 15 सितंबर 2026 तक आयोजित इस प्रतियोगिता का परिणाम 31 अक्टूबर को घोषित किया गया। छात्राओं ने अपनी मातृभाषा सिंधी के प्रति लगाव और प्रतिभा का परिचय दिया।

विद्यालय की प्राचार्या अमृता मोटवानी ने कहा कि विद्यालय में शिक्षा को केवल पाठ्यक्रम तक सीमित नहीं रखा जाता, बल्कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान दिया जाता है। बच्चों को आधुनिक शिक्षा के साथ अपनी मातृभाषा, संस्कृति, परंपराओं और संस्कारों से जोड़ने के लिए भाषायी, साहित्यिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों को प्रोत्साहित किया जाता है। प्रतियोगिता में प्रियांशी लच्छवानी, भाव्या दादलानी, दित्या चंदानी, रिद्धि गोकलानी, रिदम दादलानी, नायरा खुशालानी और कनिष्का गुलानी ने पुरस्कार हासिल किए। सभी सातों छात्राओं को पुरस्कार स्वरूप एक-एक टैबलेट प्रदान किया जाएगा।

सेवानिवृत्त कर्मचारियों की पुनर्नियुक्ति बंद कर रिक्त पदों पर सीधी भर्ती की मांग

नप्र, भोपालः शासकीय, अर्द्धशासकीय निगम-मंडलों, बोर्ड, परिषदों, सहकारी संस्थाओं और प्राधिकरणों में रिक्त पदों पर सीधी भर्ती करने की मांग उठाई गई है। अर्द्धशासकीय कर्मचारी सार्वजनिक उपक्रम संघ और सेमी गवर्नमेंट एम्प्लाइज फेडरेशन ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों की पुनर्नियुक्ति की प्रथा समाप्त करने का आग्रह किया है।

अर्द्धशासकीय कर्मचारी सार्वजनिक उपक्रम संघ के प्रांताध्यक्ष अरुण वर्मा, महासचिव गोपाल सिंह चौहान तथा सेमी गवर्नमेंट एम्प्लाइज फेडरेशन के संयोजक अनिल बाजपेई और प्रांताध्यक्ष गजेंद्र कोठारी ने बताया कि निगम-मंडलों, बोर्ड, परिषदों, सहकारी संस्थाओं, प्राधिकरणों और आयोगों में कर्मचारियों के सेवानिवृत्त होने के बाद खाली हुए पदों पर सीधी भर्ती नहीं की जा रही है।

